हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

11 समाज में सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र...



12 जिला प्रशासन से कमेटी बनाकर मार्केट रेट तय...



## खबर संक्षेप

### करीरा में कूड़ा डालने के विवाद में दंपति घायल

**कनीना।** कनीना शहर थाना अंतर्गत गांव करीरा में कूड़ा डालने को लेकर उपजे विवाद में दंपत्ति घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में महिला किरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने घर के सामने खुशीराम की खाली जमीन पर कूड़ा डाल रखा है। सुबह नौ बजे पड़ोस की महिला राजबाला उनके घर आई और उनके आंगन में कूड़ा डाल दिया। जब वह राजबाला को समझाने गई तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी।

### नारनौल रॉयल्स का आज रक्तदान शिविर

**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से 17 फरवरी को सुबह 10 बजे मिनी सचिवालय स्थित रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में क्लब प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि मिशन स्वस्थ नारनौल स्वच्छ नारनौल के तहत यह शिविर मानव सेवा और जीवन रक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इस रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी करेगी।

### प्रवासी मजदूर से लूटपाट करने में तीन नामजद

**कनीना।** राजस्थान के सीकर जिला में गांव श्यामपुर वासी व्यक्ति गांव बवानिया में रहता है। इस व्यक्ति ने गाड़ी सवार तीन व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक षड्यंत्र रचने व लूटपाट के आरोप में पुलिस को शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे में पीड़ित विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से सपरिवार बवानिया में किराए के मकान में रहकर टाइल पत्थर आदि लगाने का कार्य करता है। दो बजे उनके पास एक कार आई, जिसमें तीन व्यक्ति कमलेश, अंकुश शर्मा, राजबीर वासीयान गुढ़ागौडजी झुंझुनूं सवार थे।

# आर्थिक आधार पर मिलने वाले 5 फीसदी अंक समाप्त

**ग्रुप-डी की भर्ती में किए बदलाव**

## अब सरकार केवल सीईटी स्कोर पर ही करेगी चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार ने ग्रुप-डी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए चयन के लिए नए मानदंड जारी कर दिए है। हरियाणा गवर्नमेंट गजट में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार अब ग्रुप-डी पदों पर चयन केवल सामान्य पात्रता परीक्षा के अंकों के आधार पर किया जाएगा। पहले 95 फीसदी अंक सीईटी स्कोर और पांच फीसदी अंक परिवार की आर्थिक स्थिति के आधार पर दिए जाते थे। लेकिन अब सरकार ने बदलाव करते हुए सौ फीसदी अंक सामान्य पात्रता परीक्षा पर ही निर्धारित कर दिए है।

सरकार द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारी भर्ती तथा सेवा की शर्तें अधिनियम 2018 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए द्वितीय अनुसूची में संशोधन किया गया है। यह संशोधन गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जाएगा। हालांकि पहले लगे हुए कर्मचारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि नए नियम 12 फरवरी 2026 से लागू किए गए है। इस पर युवाओं की मिली-जुली राय मिली है। हरिभूमि टीम ने युवाओं से बात की तो मिलीजुली प्रतिक्रियाएं मिली।

### 100 फीसदी वेटेज केवल सीईटी स्कोर को

नई व्यवस्था के तहत ग्रुप-डी पदों के लिए उम्मीदवारों के नामों का चयन और सिफारिश सीईटी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी। स्पष्ट किया गया है कि चयन में सौ प्रतिशत वेटेज सीईटी स्कोर को दिया जाएगा।

### ग्रुप-डी भर्ती नोटिफिकेशन का इंतजार

सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे युवाओं को ग्रुप-डी भर्ती 2026 के नोटिफिकेशन का लंबे समय से इंतजार है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार की ओर से वर्ष 2026 में ग्रुप-डी के पदों पर भर्ती किए जाने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इधर, विभाग ने वर्ष 2025 में ग्रुप-सी की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कर परिणाम भी घोषित कर दिया है। इतना ही नहीं, चयनित अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इससे ग्रुप-डी के अभ्यर्थियों में उम्मीद तो जगी है लेकिन नोटिफिकेशन में हो रही देरी से चिंता भी बढ़ रही है। युवाओं का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से लिखित परीक्षा की तैयारी में जुटे है। कोचिंग संस्थानों और पुस्तकालयों में अभ्यर्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रतियोगिता को देखते हुए उम्मीदवार दिन-रात मेहनत कर रहे है। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द स्पष्ट तिथि घोषित करें ताकि वे अपनी तैयारी को अंतिम रूप दे सकें। फिलहाल सभी की नजरें 2026 में संभावित भर्ती अधिसूचना पर टिकी हुई है।

### परीक्षा पैटर्न में भी स्पष्टता

- अधिसूचना के अनुसार सामान्य पात्रता परीक्षा दो भागों में विभाजित होगी।
- 75 प्रतिशत अंक : सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, गणितीय योग्यता, अंग्रेजी, हिंदी और संबंधित विषय।
- 25 प्रतिशत अंक : हरियाणा का इतिहास, वर्तमान घटनाएं, साहित्य, भूगोल, पर्यावरण और संस्कृति।
- ग्रुप-डी पदों के लिए प्रश्न पत्र का स्तर माध्यमिक शिक्षा (मैट्रिक) के अनुरूप रहेगा।

**पुराने अभ्यर्थियों को राहत**

### भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता पर जोर

सरकार द्वारा जारी गजट में कहा गया है कि जिन अभ्यर्थियों ने 12 जनवरी 2024 को आयोजित ग्रुप-डी सीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी और जिनकी वैधता 11 जनवरी 2027 तक है उनके प्राप्त अंकों को अधिकतम 95 अंकों के सापेक्ष प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा ताकि संयुक्त मेरिट सूची तैयार की जा सके। सरकार के इस निर्णय से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और एकरूपता आने की उम्मीद जताई जा रही है। युवाओं के बीच इस फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने इसे महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव नांगल नूनिया में दिया वारदात को अंजाम, पुलिस कर रही जांच

# चोरों के हौसले बुलंद, दो मकानों से नकदी समेत 50 लाख की चोरी

1. वारदात की सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम पहुंची, हर एंगल से कर रही वारदात की जांच
2. चोरी की बड़ी वारदात से आस-पास के लोगों में भय का माहौल, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

जिला में शायद ही ऐसा कोई नहीं जाता हो, जिस दिन चोरी की वारदात नहीं हो रही हो। शादी सीजन में लोग व्यस्त है। देर सवेर घर पर आ रहे है। इसी का फायदा चोर उठा रहे है। नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव नांगल नूनिया में इस सीजन की सबसे बड़ी चोरी की वारदात होने की सूचना है। इस गांव में दो मकानों में रात को चोरी की वारदात हुई। हैरानी की बात है कि पीड़ित पक्ष की माने तो दोनों चोरी में चुराए गए आभूषण व कैश का अनुमान लगाए तो यह 50 लाख से अधिक की राशि बन रही है। वारदात की सूचना पाकर पुलिस बल सहित फोरेंसिक टीम पहुंची और वारदात स्थल पर विभिन्न प्रमाण जुटाए। परिजनों के बयान दर्ज करके अज्ञात चोरों के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है। घटना के बाद गांव में ही नहीं जिला में रहने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। जिला प्रशासन से आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करके नकदी व जेवरात बरामद करने की गुहार लगाई है। वहीं चोरी की लगातार बढ़ रही वारदात के बाद



16 नांगल चौधरी। चोरी की वारदात के बाद मकान में बिखरा पड़ा सामान।

### मकान के लिए रखे 10 लाख, 3 दिन पहले बेची थी 9 लाख की सरसों

दूसरी तरफ सुरेंद्र कुमार बच्चों के साथ मकान में सो रहा था, रात तीन बजे मकान पर बाहर से कुंदी लगाने का अनुमान है। सुबह बजे मकान का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, किंतु बाहर से कुंदी होने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को कॉल करके दरवाजा खुलवाया है। फिर उन्होंने अनहोनी की आशंका होने पर मकान का निरीक्षण किया, जिसमें सूटकेस का सामान बिखरा हुआ और 19 लाख नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण गायब मिले। पीड़ति ने बताया कि मकान निर्माण के लिए 10 लाख सूटकेस में रखे हुए थे तथा तीन दिन पहले नौ लाख की सरसों बेची थी। सोने-चांदी के आभूषण भी सूटकेस में रखे हुए थे, जिसे चोर लेकर फरार हुए हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मौका निरीक्षण किया तथा फारेंसिक टीम से वारदात स्थल से सबूत जुटाए। पीड़तिों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

**क्या कहते हैं थाना इंचार्ज**

कार्यवाहक थाना इंचार्ज कृपाल सिंह ने बताया कि नांगल नूनिया में अज्ञात चोरों ने दो मकानों में सेंधमारी करके नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चुराए हैं। पीड़तिों की शिकायत पर केस पंजीकृत कर लिया है तथा वारदात को ट्रेस करने में पुलिस जुटी हुई है।

### शादी में गया था परिवार

पीड़ति भीमसिंह ने बताया कि बीती रात भांजे की बारात में गया हुआ था। घर पर अकेली महिला थी। रात करीब आठ बजे दरवाजे पर ताला लगाकर मकान में सो गई। रात 11 बजे पानी पीने के लिए रसोई में गई थी, उस दौरान तक वारदात नहीं हुई थी। रात 12:30 बजे अज्ञात चोर दीवार फांदकर प्रांगण में घुसे तथा महिला वाले कमरे पर बाहर से कुंदी लगा दी। इसके बाद उन्होंने दूसरे मकान में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 1.85 लाख नकदी तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी की वारतदात को अंजाम दिया। सोमवार अल सुबह 3:30 बजे शादी से घर लौटा तथा बाहर मकान में सो गया। सुबह छह बजे मकान में सामान बिखरा हुआ देखकर उन्हें चोरी की वारदात होने का संदेह हुआ। पुष्टि होने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मौका निरीक्षण किया तथा फारेंसिक टीम से वारदात स्थल से सबूत जुटाए। पीड़तिों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## कनीना में अप्रैल से शुरू होगा डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

- आरएच सोसायटी के नाम छूटा कार्य का टेंडर



कनीना। डा रिम्पी लोढ़ा।

कनीना में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का कार्य विधिवत रूप से एक अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा ने पत्रकारों को बताया कि इस कार्य का टेंडर आरएच को-ऑपरेटिव सोसायटी सिलानी, झज्जर के नाम से छोड़ा गया है। यह प्रक्रिया पिछले लंबे समय से लंबित थी। करीब दो करोड़ के टेंडर जारी होने के बाद सोसायटी की ओर से आगामी पांच वर्ष तक घरों से कचरा उठाकर डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कचरा उठाने से पूर्व नपा के सभी 14 वार्डों में घरों की आरएफआईडी, रेडियो फ्रीक्वेंसी टैग का कार्य किया जाएगा। जो जल्द ही प्रारंभ होगा। जिस पर बार कोड अंकित होगा। जिसके माध्यम से प्रत्येक घर से कूड़ा उठाने के कार्य की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत यह कार्य किया जाएगा। जिसे लेकर प्रत्येक माह जागरूकता अभियान भी जारी रहेगा।

## गुढ़ा कैमला रोड पर ठेके से शराब व नकदी लूटने में तीन पर मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव गुढा-केमला रोड पर बने शराब के ठेके से तीन अज्ञात व्यक्तियों ने सेल्समैन को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दे दिया।

इस बारे में चरखीदादरी के गांव बधवाना वासी सुनील कुमार ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गणपति वाइंस के नाम से गुढा केमला रोड पर शराब का ठेका बनाया हुआ है। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे 4500 रुपये छोड़कर सेल्समैन राजबीर उर्फ पिंटू वासी इटावा यूपी से हिसाब कर नकदी लेकर निकल गया था। जो पिछले करीब डेढ़ माह से कार्य कर रहा है। रात्रि करीब चार बजे उन्हें ईआरवी स्टाफ 112 के माध्यम से सूचना मिली कि उसके ठेके में वारदात हो गई है। ठेके का सेल्समैन नजदीक ही बने यदुवंशी होटल पर मिला। जिसने पुलिस को बताया कि रात्रि करीब एक बजे तीन युवक आए और गेट काटकर अंदर घुस गए।

## सैनी सभा के चुनावी रण की शुरुआत, पहले दिन 78, दूसरे दिन 52 ने किया आवेदन

- 2 दिन में 130 आवेदन, चुनाव प्रक्रिया में अब 2 दिन ही शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। आवेदन जमा करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

सैनी सभा रजिस्टर्ड के त्रिवार्षिक चुनावों की औपचारिक शुरुआत हो गई। चुनाव प्रक्रिया के प्रथम चरण में कॉलेजियम सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन का कार्य आरंभ हुआ। चुनाव के पहले दिन रविवार को जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और कुल 78 दावेदारों ने कॉलेजियम चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। दूसरे दिन सोमवार को 52 लोगों ने आवेदन किया है। इस तरह दो दिन में 130 लोग आवेदन कर चुके है। अभी आवेदन करने के लिए दो दिन 17 व 18 फरवरी बचे है। यह जानकारी चुनाव अधिकारी संदीप सैनी एडवोकेट ने देते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

## आईएमटी भूमि अधिग्रहण को लेकर एसडीएम व विधायक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित आईएमटी की भूमि अधिग्रहण के लिए सरकार द्वारा अगस्त माह में ई भूमि पोर्टल खोला गया था। जिसमें इच्छुक किसानों को अपनी मर्जी से भूमि अधिग्रहण की सहमति जतानी थी, लेकिन किसी कारण कुछ किसान अपना पंजीकरण नहीं कर पाए थे।

विधायक कंवर सिंह यादव व एसडीएम कनिका गोयल ने सोमवार को एसडीएम कार्यकाल में खुडाना, आदलपुर व खरकड़ा गांव के सरपंचों व संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर



महेंद्रगढ़। कमेटी सदस्यों की बैठक लेते एसडीएम व विधायक कंवर सिंह यादव।

जमीन अधिग्रहण व ई भूमि पोर्टल बारे चर्चा कर रहे थे। विधायक ने कहा कि सरकार ने आईएमटी के रास्तों की भूमि अधिग्रहण के लिए खुडाना, आदलपुर व खरकड़ा गांव के किसानों के लिए ई भूमि पोर्टल पर उनकी सहमति लेने के लिए पोर्टल फिर से खोला जाएगा। किसान अपनी जमीन देने की सहमति ई भूमि पोर्टल पर दे सकते हैं। बैठक में एसडीएम कनिका गोयल ने उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ ई भूमि पोर्टल पर आने वाली समस्याओं के बारे विस्तार से चर्चा की और पोर्टल में आने वाली समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए। इस मौके पर तहसीलदार अजय कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, संदीप मालडा व आकोदा, आदलपुर, खुडाना गांवों के सरपंच व पटवारी मौजूद थे।

### मनोहर लाल ने किया था शिलान्यास

बता दें कि गत 24 फरवरी 2019 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गांव खुडाना की भूमि पर इसका शिलान्यास किया था। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों की ओर से इस परियोजना के लिए प्रस्तावित 1200 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की सहमति भी दी थी। लेकिन स्टेट हाईवे 148बी से प्रस्तावित भूमि तक 250 फुट लंबा मुख्य रास्ता बनाया जाना है। इस रास्ते में निजी मलकीयत की भूमि भी शामिल है। इसके लिए कुछ किसानों की ओर से पहले खोले गए ई-भूमि पोर्टल पर सहमति दी जा चुकी है। वहीं सात साल में यह परियोजना सात कदम भी नहीं चल पाई है। अब लोगों को फिर से उम्मीद है कि प्रदेश सरकार जिले के लिए इस महत्वपूर्ण परियोजना पर तेजी से काम शुरू करेगी। इसके अलावा सरकार की तरफ से भूमि अधिग्रहण के लिए ई भूमि पोर्टल कई बार खोला गया, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने इसकी सहमति नहीं दी गई। जिसके चलते महेंद्रगढ़ जिले को सात साल से आईएमटी का सपना अधूरा हैं। अगर खुडाना गांव में आईएमटी बनने से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा और औद्योगिक विकास को भी मजबूती मिलेगी।

### जिले में बोर्ड परीक्षा आज से, केंद्रों के आस-पास पाबंदियां लागू

## पुलिस अलर्ट, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कारवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिले में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निषेधाज्ञा जारी की है।यह आदेश केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। ये परीक्षा 17 फरवरी से 12 अप्रैल तक जारी रहेंगी। आदेशों के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का हथियार ले जाना पूरी तरह वर्जित है। परीक्षा के दौरान केंद्रों के पास स्थित सभी फोटोकॉपी की मशीनें और कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। इसके अलावा बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। यह पाबंदियां पुलिस और सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों पर लागू नहीं होंगी। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं को बिना किसी बाधा, फर्जी खबरों या अनुचित साधनों के पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र और स्थानीय प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है। इसके अलावा, जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष रूप से सेल्फ सेंटरों की निगरानी करने और परीक्षा केंद्रों की गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि छात्र बिना किसी मानसिक दबाव के अपनी परीक्षाएं दे सकें।

### नियम की अवहेलना बर्दाश्त नहीं

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन आगामी 17 फरवरी से शुरू होने वाली केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को लेकर पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार की ओर से जारी आदेशों के तहत जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखना और यातायात का सुगम संचालन प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक को पर्याप्त पुलिस बल और ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं।

### 500 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकाने रहेंगी बंद

परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानों और कोचिंग सेंटरों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही सक्षम अधिकारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को परीक्षा के दौरान सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## आईएमटी व माधोगढ़ किले को लेकर सीएम से की प्रो. रामबिलास शर्मा ने मुलाकात

- आईएमटी खुड़ाना बनने से क्षेत्र में उद्योगों का जाल बिछेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से वार्तालाप करते हुए।

जिले के औद्योगिक और पर्यटन मानचित्र को बदलने वाली दो बड़ी परियोजना खुड़ाना आईएमटी और माधोगढ़ किले को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित आवास पर मुलाकात कर अटकी परियोजना को गति देने की पुरजोर वकालत की। प्रो. रामबिलास शर्मा ने गांव खुड़ाना और माधोगढ़ के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे। मुलाकात के दौरान प्रो. शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने का इंतजार कर रही है। आईएमटी खुड़ाना बनने से क्षेत्र में उद्योगों का जाल बिछेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। माधोगढ़ किला पर्यटन की दृष्टि से इसका जीर्णोद्धार महेंद्रगढ़ को ऐतिहासिक पर्यटन का केंद्र बना सकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को बेहद गंभीरता से सुना और सकारात्मक रुख अपनाया। मुख्यमंत्री ने प्रो. रामबिलास शर्मा को आश्वस्त किया कि सरकार इन परियोजना के महत्व को समझती है।

हरिभूमि सहेली

रोहतक, मंगलवार
17 फरवरी 2026





वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

# होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

## काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

## बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा। ❁

# ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह
स्नेहा सिंह



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवादः** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वासः** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूरः** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबूः** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्यः** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं। ❁

बिहेवियर
ललिता गोयल

कई लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। ऐसा जजमेंटल नेचर आपके पर्सनल-सोशल रिलेशन बनाने में बाधक हो सकता है। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

# क्या आपका नेचर है जजमेंटल ऐसे करें खुद में बदलाव

हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या घटना को देखकर बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। वे बिना ज्यादा सोचे-समझे किसी के भी बारे में अपनी राय कायम कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति जजमेंटल नेचर वाले होते हैं। ऐसे लोग अकसर दूसरे में कमियां खोजते रहते हैं।

**ऐसे होती है पहचानः** आपके आस-पास का कोई व्यक्ति जजमेंटल नेचर का है, इसे आप उसके कुछ बर्तावों से पहचान सकती हैं।

- ऐसे लोग खुद को बहुत अहमियत देते हैं और सामने वाले को छोटा समझते हैं।
- खुद को समझदार और हर विषय का जानकार मानते हैं।
- ये लोग अपनी सलाह खुद देने लगते हैं और दूसरों को अपनी सलाह को मानने के लिए बाध्य भी करते हैं।
- जजमेंटल नेचर वाले लोगों का व्यवहार थोड़ा जिद्दी होता है और वे हमेशा दूसरों से आगे निकलने की चाह में रहते हैं।
- वे अपनी राय को सर्वोपरि मानकर दूसरों की राय को महत्व नहीं देते हैं।
- ऐसे लोग बातचीत के दौरान अकसर तेज आवाज में बोलते हैं।
- ये लोगों को हमेशा 'अच्छे' या 'बुरे' के तराजू में तौलते रहते हैं और अपने आप को सही साबित करने के लिए दूसरों की निंदा और कमियां खोजने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।
- ऐसे लोग दूसरों की तारीफ करने या उन्हें प्रोत्साहित करने से बचते हैं।
- ऐसे लोग नकारात्मक सोच के होते हैं।



**ऐसे बर्ताव से खुद को बचाएं:** अगर आपको उक्त में से कोई बर्ताव खुद में नजर आता है तो आप कुछ बातों पर अमल करके इसमें सुधार कर सकती हैं। जजमेंटल होने से बच सकती हैं।

**पूरे नेचर को परखें:** कभी-कभी लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिसे आप सही नहीं समझते, जैसे किसी के लंच में से उठाकर खा लेना या फिर बाजार में खूब मोलभाव करना। ऐसे में जरूरी है, कि उन्हें उनके बर्ताव के हिसाब से न जज किया जाए। हो सकता है कि उनमें ऐसी कई पॉजिटिव क्वालिटीज भी हों, जिन्हें आपने अभी तक देखा ही नहीं हो। इसलिए किसी डिसीजन पर पहुंचने से पहले पूरी तरह परख लें।

**खुद को सामने वाले की जगह पर रखकर देखें:** हर इंसान की स्किल्स, नेचर, उनकी जिंदगी के अनुभवों, रहन-सहन के अनुसार होता है। उनकी पर्सनालिटी में उनके साथ किया हुआ बर्ताव, उनकी परिस्थितियां काफी अहम भूमिका अदा करती हैं। इसलिए किसी इंसान को अच्छे से जाने बिना उनके बारे में राय न बनाएं।



**अपीयरेंस से न जज करें:** हर इंसान अपनी पसंद कंफर्ट के अनुसार तैयार होता है। इस आधार पर उनकी पर्सनालिटी के बारे में जज करना सही नहीं होता। अगर किसी ने टैटू बनवाए हुए हैं तो उसके बारे में यह राय बनाना कि वो गंभीर व्यक्ति नहीं हो सकता, सही नहीं है। इस सोच से उबरना चाहिए।

**राय बनाने से पहले लें कुछ वक्तः** किसी भी इंसान से सिर्फ 5 मिनट बात करने के बाद उसके बारे में कोई राय बना लेना सही नहीं होता, क्योंकि इतने कम समय में कोई किसी के भी बारे में सब कुछ कैसे जान सकता है। किसी भी इंसान के बारे में अपनी तरफ से राय बनाने से पहले, आपको उनके बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी के बारे में कोई भी राय बनाने से पहले एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने-समझने का मौका दें, नहीं तो सामने वाला भी आपके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा और एक अच्छा रिश्ता बनाने से चूक सकते हैं। ❁

स्किन केयर
प्रीति गुप्ता

# जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।



- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्स्ट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें। ❁

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस
डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्सट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# इस मौसम में हेल्थ की करें एक्स्ट्रा केयर

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वही शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जीः** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।



**सर्दी-खांसी-जुकामः** दिन का तापमान बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



**हड्डियों-जोड़ों में दर्दः** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।

**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें। ❁

प्रस्तुतिः विनीता कुमारी

कनीना से होकर गुजरते हैं विभिन्न जिलों के श्रद्धालु

# खाटूश्याम जाने वाले निशान पद यात्रियों के लिए होगा सेवा शिविरों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

राजस्थान के सीकर जिले की खाटूनगरी में आगामी 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले लखी मेले को लेकर कनीना व आसपास के गावों में 19-20 फरवरी से शिविरों का संचालन होगा। श्याम भक्त सतनारायण यादव, योगेश गुप्ता, राजेश खंडेलवाल ने बताया कि इन शिविरों में निशान यात्रा करने वाले पैदल यात्रियों के लिए भोजन,नाश्ता, स्नान करने के लिए गर्म पानी, रात्री विश्राम तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कनीना में श्री श्याम मंदिर, अटेली रोड रेलवे फाटक, नहर के समीप, मोहनपुर, नांगल, कोका, सुदंरह, बेवल, मुंडिया खेडा, झिगावन, दोंगडा अहीर, अटाली, सिहमा, खासपुर, खामपुर,नारनौल, जोरासी सहित विभिन्न गावों में सेवा शिविरों का आयोजन होता है। दूसरी ओर श्याम मंदिर कमेटी खाटू के प्रधान ने बताया कि श्री श्याम जी का लक्खी फाल्गुन मेला 28 फरवरी तक चलेगा। आठ दिवसीय इस मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाए गए है।

### साज-सज्जा व बेरिकेटंग में जुटे सैकड़ों कारीगर

मेले में मंदिर की सजावट एवं बेरिकेटिंग के लिए 120 कर्मचारी अलग-अलग कार्य करने में जुटे हुए हैं। भीड़ बढ़ने के चलते मेले के दौरान 24 घंटे दर्शन की व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा की दृष्टि से 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के अलावा 22 पुलिस सेक्टर व नौ प्रशासनिक सैक्टर बनाए गए हैं। 20 पुलिस सहायता केंद्र बनाए गए हैं। मेले में 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएगें। रींगस से खाटू तक वाहनों के लिए मार्ग को बंद किया जाएगा। जयपुर, सीकर हाईवे की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मण्डा होते हुए बडी पार्किंग बनाई गई है तथा शाहपुरा कट से निकास किया गया है। 300 स्थाई तथा 382 अस्थाई टॉयलेट स्थापित किए गए हैं। बिजली की व्यवस्था के लिए 30 साउंड प्रूफ जनरेटर लगाए हैं वहीं पेयजल के लिए एक करोड पानी के पाउच, 20 कैंटर व 25 टंकिया रखी गई हैं।

### हरियाणा के प्रत्येक जिले से जाते हैं श्रद्धालु

बता दें कि इस मेले में हरियाणा के महेंद्रगढ़, भिवानी, रोहतक, सिरसा, हिसार, चरखी दादरी, गुरूग्राम, फरीदाबाद, झज्जर सहित प्रत्येक जिले से श्रद्धालु रेल, बस सहित अपने वाहन एवं ध्वज लेकर पदयात्रा करते हैं। करीब पखवाड़े भर तक विभिन्न मार्ग श्याम के रंग में रंगे हुए दिखाई देते हैं। महिला, पुरुष सहित युवा भी पद यात्रा कर मेले में पहुंचते हैं। मंदिर के प्रति नागरिकों की अपार आस्था है। श्रद्धालुओं द्वारा हाथों में निशान लेकर पदयात्रा करने के चलते कनीना-नारनौल मार्ग पीतवर्ण में रंग जाता है।

नारी सशक्तिकरण पर जोर, शपथ के साथ निकाली जागरूकता रैली

# समाज में सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की होती है आधारशिला : मिनाक्षी शर्मा

- सुरक्षा सहायता नंबर डायल 112 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों की ओर से गांव पटीकरा में नारी सशक्तिकरण पर शपथ दिलाई गया। इस दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्रोग्राम आफिसर प्रोफेसर डॉ सतीश सैनी ने बताया कि गांव पटीकरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु महिलाओं के सशक्तिकरण रहा। शिविर के दौरान दिनभर आयोजित गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान नारी सशक्तिकरण विस्तार व्याख्यान, जागरूकता शपथ और महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली गई।

महिला प्रोग्राम आफिसर डॉ पलक ने बताया कि पहले सत्र में इस महिला पुलिसथाना से दुर्गाशक्ति प्रभारी इंस्पेक्टर मीनाक्षी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इंस्पेक्टर मिनाक्षी शर्मा ने स्वयंसेवकों को अपने प्रेरणादाई संबोधन में कहा कि छात्राओं को किसी भी परिस्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।किसी भी संकट में घबराना नहीं चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सभी अधिकार प्रदान किए हैं, जिनका इस्तेमाल वह समय आने पर कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि छात्राएं अपने अधिकारों को पहचानें और समाज में समान वर्चस्व के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करें। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। समाज में सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है। उन्होंने विशेष रूप से आपातकालीन सहायता नंबर डायल 112 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी और बताया कि किसी भी आपात स्थिति या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में इन नंबरों का तुरंत उपयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने तथा नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।


नारनौल। नारी सशक्तिकरण पर शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

इंस्पेक्टर मीनाक्षी के साथ उनकी टीम से एएसआई बिमला एवं कॉन्स्टेबल मीनाक्षी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी छात्राओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। जबकि दूसरे सत्र में महाविद्यालय की ओर से प्रोफेसर डॉ चंद्रमोहन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने नैतिक शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को महिला सम्मान और समानता की जागरूकता शपथ दिलवाई। इसके पश्चात प्रोग्राम आफिसर डॉ अमित कुमार ने महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों ने नारों और तख्तियों के माध्यम से गांववासियों को जागरूक किया। जबकि तीसरे संध्याकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने गीत, नाटक, समूह गान और लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। खेल गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिससे आपसी सहयोग और टीम भावना को बढ़ावा मिला। शिविर का दूसरा दिन जागरूकता, प्रेरणा और उत्साह से भरपूर रहा। स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### यूथ रेडक्रॉस में महाविद्यालय सिहमा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



*मंडी अटेली। जिला स्तर पर आयोजित यूथ रेडक्रॉस कार्यक्रम में महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा दिखाया। एक निजी महाविद्यालय नारनौल में गत नौ फरवरी से 13 फरवरी तक पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सामाजिक गतिविधियों में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शानदार उपलब्धियां हासिल की। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान प्रेरणा अभियान, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और सेवा भावना का परिचय देते हुए कई प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा से कुल पांच विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें छात्रा प्रिया बीए द्वितीय को यूथ रेडक्रॉस का बेस्ट वालंटियर अवार्ड मिला, वहीं छात्रा प्रिया भाषण प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान पर रही। बीए द्वितीय वर्ष की सुषमा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय से मुस्कान, नैंसी और प्रिया ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार, उपप्राचार्य प्रो. डॉ. लक्ष्मीनारायण यादव, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी सरिता यादव ने विद्यार्थियों की।*

### यूथ रेडक्रॉस शिविर में सर्वश्रेष्ठ दल का सम्मान



*मंडी अटेली। राजकीय महाविद्यालय अटेली ने पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ दल का खिताब प्राप्त किया। यह शिविर नारनौल के एक निजी महाविद्यालय में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने परामर्शदाता डॉ. श्वेता छाबड़ा के मार्गदर्शन में सक्रिय भागीदारी करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। साहिल एवं लवकेश ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीति ने नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं अभ्यास आपदा प्रदर्शन मॉक ड्रिल प्रतियोगिता में साहिल, लवकेश, गोविंद, परमजीत एवं नितीश कुमार की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के समक्ष आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य डॉ. राजेश सैनी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सत्यपाल यादव ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम अनुशासन और दल भावना का परिणाम है।*

# आने वाले समय में शहर की तस्वीर पूरी तरह बदली हुई आएगी नजर: नपा

- कहाउस मीटिंग केवल निर्वाचित पार्षदों के लिए होती है न कि बाहरी व्यक्तियों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने सार्वजनिक विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में महेंद्रगढ़ शहर के भविष्य के विकास खाके को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नगर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल टाउन बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है और आने वाले समय में शहर की तस्वीर पूरी तरह बदली हुई नजर आएगी। उनके अनुसार शुरुआती वर्षों में कई प्रशासनिक और तकनीकी अड़चनें सामने आईं, लेकिन अब परियोजनाएं गति पकड़ चुकी हैं और अधिकांश कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जा रहे हैं। चेयरमैन ने बताया कि शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। अब तक 2300 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि 1000 नई लाइटें शीघ्र पहुंचने वाली हैं। इसके अलावा 2000 और लाइटें लगाने की योजना तैयार की जा रही है, जिससे पूरे शहर में बेहतर रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का टेंडर पूरा कर वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है और एजेंसी को 60 दिनों के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।


महेंद्रगढ़। पत्रकारों को जानकारी देते प्रधान रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

### अटके काम सुलझाने का प्रयास

नगरपालिका की आय बढ़ाने के लिए लंबे समय से अटके शॉपिंग कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट को भी जल्द सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पूरा होने पर नगर पालिका को करोड़ों रुपये की आमदनी होगी, जिसे शहर की बुनियादी सुविधाओं पर खर्च किया जाएगा। 13 फरवरी की बैठक को लेकर हुए विवाद पर स्पष्टीकरण देते हुए चेयरमैन ने कहा कि हाउस मीटिंग केवल निर्वाचित पार्षदों के लिए होती है और किसी बाहरी व्यक्ति या वकील को अंदर लाना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने दोहराया कि हर निर्णय बहुमत से लिया जाता है और किसी भी सदस्य को आपत्ति दर्ज कराने का पूरा अधिकार है।

इस अवसर पर पार्षद सीमा सैनी, अशोक सैनी तथा पार्षद प्रतिनिधि संजय राठी भी मौजूद रहे।

# शिकायतों के लिए हर सप्ताह अपने कार्यालयों में कैंप लगाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के सभी शिकायत निवारण प्लेटफार्म पर आने वाली शिकायतों के लिए सभी विभाग अपने-अपने कार्यालय में हर सप्ताह एक कैंप लगाएं। इस प्रणाली से नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान होगा। इन सभी कैंप की एक रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की जाए। डीसी सोमवार लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आज लगे समाधान शिविर में कुल 55 शिकायत प्राप्त हुई।

उपायुक्त ने कहा कि सभी प्लेटफार्म पर आने वाली प्रत्येक शिकायत की मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सीधे निगरानी की जा रही है। ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निश्चित अवधि में निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविरों से आमजन को काफी राहत मिल रही है।



# रेडक्रॉस कैंप से लौटी छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

युवा रेडक्रॉस द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कैंप में राजकीय महिला महाविद्यालय की जिन छात्राओं ने भाग लिया, सोमवार को उन छात्राओं को प्राचार्य डा. आरपी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस कैंप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा में किया गया। उनमें भाषण प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता तथा नशा मुक्ति पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कैंप में विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा दुर्गेश ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस की संयोजिका सुनीता देवी ने स्वयंसेवकों को लोगों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मनमीत कौर, डॉ. नीलम एवं डॉ. रेखा सैनी आदि रहे।




## भांडोर ऊंची में सरसों खेत दिवस आयोजित

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को अनुसूचित जाति उप परियोजना के अंतर्गत गांव भांडोर ऊंची में सरसों खेत दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजक एवं पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र यादव ने बताया कि इस खेत दिवस में किसानों को उन्नत किस्म आरएच 725 के विभिन्न उन्नत कृषि क्रिया एवं उनमें लगने वाली बीमारियों जैसे तना गलन, सफेद रतवा के लक्षण एवं उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी।

# चारा काटने की मशीन से कटी हाथ की अंगुलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी खंड के गांव मौरुंड में ट्रैक्टर मशीन से चारा काटते वक्त हाथ मशीन में आने एक युवक के बाएं हाथ की सभी उंगलियां कट गई। पीड़ित ने इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पुलिस थाना नांगल चौधरी में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव मौरुंड निवासी राजबीर ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। वह अपने चाचा बनवारी लाल के साथ पंचायत की जमीन पर ट्रैक्टर से चारा काटने की मशीन पर पशुओं के लिए चारा काट रहा था, जबकि उस ट्रैक्टर को गांव का ही उमेश चला रहा था। राजबीर का आरोप है कि उमेश ने उसे मशीन में पूलियां लगाने के लिए कहा और खुद ट्रैक्टर की सीट पर बैठकर पानी पीने लगा। इसी दौरान उसने बिना बताए और बिना किसी संकेत के अचानक ट्रैक्टर की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे चारा काटने वाली मशीन तेज चलने लगी और उसका बायां हाथ मशीन में फंस गया।

वह जोर से चिल्लाया तो पास खड़े चाचा बनवारी लाल ने तुरंत मशीन बंद की। घायल अवस्था में परिजन युवक को इलाज के लिए कोटपुतली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया। हादसे में उसके बाएं हाथ की पांचों उंगलियां कट गई। राजबीर ने पुलिस से ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


नारनौल। घायल युवक राजबीर। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम | राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का शुभारंभ

# कला, संगीत और कविता में एक-दूसरे का गहरा संबंध : बीआर यादव

यदि थीम गंभीर हो तो उसमें स्वर लंबे होते हैं और यदि थीम हल्की-फुल्की हो तो स्वर छोटे होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. बीआर यादव मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्यातिथि प्रो. बीआर. यादव, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ. पविता यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बीआर यादव ने कहा कि चित्रकारी और कविता एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी होती हैं। चित्र को देखकर कविता लिखी जा सकती है और कविता को पढ़कर चित्र बनाया जा सकता है। इसी प्रकार संगीत में भी जैसा थीम होता है, वैसी ही धुन होती है। यदि थीम गंभीर हो तो उसमें स्वर लंबे होते हैं और यदि थीम हल्की-फुल्की हो तो स्वर छोटे होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी कला एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी छुपी प्रतिभा को पहचानने, निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ. पविता यादव ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन, 17 फरवरी 2026 को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिनमें हरियाणवी रागिनी, एकल गीत (हरियाणवी), एकल गीत (सामान्य वर्ग), हरियाणवी एकल नृत्य (पुरुष), हरियाणवी एकल नृत्य (महिला), समूह नृत्य, कविता पाठ (हिन्दी, हरियाणवी, पंजाबी, अंग्रेजी एवं उर्दू), संस्कृत श्लोक उच्चारण तथा वाद–विवाद प्रतियोगिता (हिन्दी एवं अंग्रेजी) आदि सम्मिलित रहेंगे।


महेंद्रगढ़। रंगोली प्रतियागिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

प्रथम दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता में प्रतीक्षा ने प्रथम, यीशु ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रिद्धिमा ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय तथा सुमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय तथा अजय एवं दिनेश ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में रक्षा ने प्रथम, प्रिया एवं प्रियंका ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में सानिया ने प्रथम, पूरणमल ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में सुमित ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कोलाज प्रतियोगिता में रिद्धिमा ने प्रथम तथा नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## बाबा मोलड़नाथ मेले की तैयारियां शुरू

- आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले मेले में ऊंट व घोड़ी दौड़ रहेगा मुख्य आकर्षण

**कनीना।** कनीना में आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले बाबा मोलड़नाथ के धार्मिक मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मेले में ऊंट व देशी घोड़ी दौड मुख्य आकर्षण होता है। जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। सुभाष यादव व सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि बाबा मोलड़नाथ की 75वीं स्मृति में फाल्गुन सुदी एकादशी को आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी की रात्रि आठ बजे से फुटबॉल मैदान में जागरण होगा। जिसमें गायक कलाकार प्रदीप जांडली, आरके लहरी, आंचल पांचाल व अनु शर्मा धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देगें। 27 फरवरी को सुबह 8 बजे सीहोर-छितरौली रोड पर ऊंट व देशी घोड़ी दौड़ होगी जिसमें प्रथम पांच स्थानों पर रहने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर 161वीं प्रभात फेरी में गूंजा राधे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महाशिवरात्रि पर्व पर सामाजिक एवं धार्मिक संस्था राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से अपनी 161वीं प्रभात फेरी का आयोजन पुल बाजार से श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। फाल्गुन मास में प्रातः सात बजे पुल बाजार स्थित ठाकुरजी की आरती के साथ प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर फेरी के यजमान किशन गांधी ने उपस्थित सभी भक्तों को चंदन तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, युवक एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते "राधे-राधे" का जाप करते हुए भक्ति रस में डूबे नजर आए। प्रभात फेरी यजमान के निवास स्थान से प्रारंभ होकर श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर से होती हुई शिवाजीनगर में परिक्रमा कर पुनः प्रारंभ स्थल पर सम्पन्न हुई। परिक्रमा मार्ग में भक्तों ने एक स्वर में राधा नाम का स्मरण किया। वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन और बरसाना की कुंज गलियों का दिव्य दृश्य साकार हो उठा हो। पूरा नगर राधे नाम की मधुर ध्वनि से सराबोर हो गया और हर गली भक्ति रंग में रंगी दिखाई दी। महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ नृत्य कर ठाकुर जी को रिझाया। अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घरों से बाहर निकलकर दीप प्रज्ज्वलित किए और प्रभात फेरी का स्वागत किया।

ग्राम पंचायत भोजावास
खण्ड नांगल चौधरी, जिला महेंद्रगढ हरियाणा
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोजावास द्वारा जोहड़ को मछली पालन हेतु 5 वर्ष के लिए पट्टे पर दिनांक 25.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे आम स्थान जोहड़ पर छोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। बोलीदाता को बतौर सिक्योरिटी 5000 रूपए जमा करवानी होगी। बाकि शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।
सरपंच ग्राम पंचायत भोजावास
खण्ड नांगल चौधरी

